समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026

# नाशिक मे गोदावरी किनारे चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

Publisher

Published on 27 Jan 2026



गोदावरी नदी के शांत और खूबसूरत किनारों पर कला की जीवंतता देखने को मिली, जब **नाशिक कलानिकेतन** ने **बारहवीं कलामहर्षी वा. गो. कुलकर्णी राष्ट्रीय प्रत्यक्ष चित्रण स्पर्धा** का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कला के जुनून ने गोदावरी घाट पर एक **चित्रकला उत्सव जैसा माहौल** बना दिया।

इस प्रतियोगिता में **निसर्गचित्रण, व्यक्तिचित्रण और स्थिरचित्रण** जैसे तीन प्रमुख वर्गों में प्रतिभाग हुआ। महाराष्ट्र के **मुंबई, ठाणे, वसई, डहाणू, पालघर, पुणे, सांगली, सातारा, कोल्हापूर, धुले, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर और जालना** जैसे कई शहरों से कुल **214 प्रतिभागियों** ने हिस्सा लिया।

दो दिनों तक चले इस आयोजन में **कला प्रेमियों और युवाओं ने नदी, प्रकृति और जीवन के विविध पक्षों को कैनवास पर उतारा**, जिससे गोदावरी के किनारे कलात्मक माहौल बना रहा।

प्रतियोगिता में विजेताओं को **करीब ₹1,15,000 के नकद पुरस्कार** दिए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में मराठा विद्या प्रसारक समाज के **सरचिटणीस एड. नितीन ठाकरे** और अनिल तुपे विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। नाशिक कलानिकेतन के अध्यक्ष **एड. अविनाश भिडे**, सचिव **प्रो. संध्या केळकर** और चित्रकला महाविद्यालय के प्राचार्य **संजय साबळे** ने भी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।

### मुख्य पुरस्कार विजेता (कुछ श्रेणियाँ)

**निसर्गचित्रण :**
⍰ सुनील गवळी (नाशिक), ⍰ विशाल सुतार (मुंबई), ⍰ तुषार कुंभारे (मुंबई)

**व्यक्तिचित्रण :**
⍰ सागनिक सेन (मुंबई), ⍰ राजेश पवार (नाशिक), ⍰ राहुल वाघ (सोलापूर)

**स्थिरचित्रण :**

? कृष्णा विश्वकर्मा (नाशिक), ? राधिका जोशी (नाशिक), ? मृणाली डोंगरे (नाशिक)

प्रतियोगिता की जाँच प्रसिद्ध चित्रकार **नानासाहेब येवले** और अमूर्त कला विशेषज्ञ **उमेश पाटील** ने की।

इस तरह के आयोजन **युवा कलाकारों मे संृजनात्मकता को प्रोत्साहित करते है** और कला के प्रति उनकी लगन को मजबूत बनाते हैं — खासकर गोदावरी जैसे प्राकृतिक सौंदर्य से भरे स्थान पर।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.